गोरखपुर से प्रकाशित

Title Code: UPBIL05289

# स्वदेशी इनक्रेडिबल

द्विभाषी (साप्ताहिक)

वर्ष–1 अंक–20 | गोरखपुर, रविवार 5 नवम्बर 2023 | पृष्ठ–8 | मूल्य–2 रुपया

## योगी एक्शनः दर्जन भर डीएम का जवाब तलब, एसडीएम को चेतावनी

लखनऊ(संवाददाता)। उत्तर प्रदेश में योगी सरकार की जीरो ट लरेंस की नीति के इतर चले तो एक्शन तय है। अफसरों पर योगी सरकार ने बड़ा एक्शन लिया है। सीएम ने यूपी के विभिन्न जनपदों के 12 जिलों के डीएम, सहित विभिन्न तहसीलों के एसडीएम और तहसीलदारों के खिलाफ कड़ा रुख अख्तियार करते हुए स्पष्टीकरण मांगा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से राजस्व मामलों को लेकर लगातार म नीटरिंग हो रही है। खराब प्रदर्शन वाले अधिकारियों पर गाज गिरनी शुरू हो गई है। 31 अक्टूबर को राजस्व परिषद की समीक्षा में राजस्व वादों, पैमाइश, नामांतरण, कुर्रा–बंटवारा के निस्तारण में खराब प्रदर्शन वाले जनपदों के जिलाधिकारियों सेस्पष्टीकरण, उप जिलाधिकारियों को चेतावनी, तहसीलदारों को प्रतिकूल प्रविष्टि मिली है।एसीएस राजस्व परिषद सुधीर गर्ग के मुताबिक राजस्व मामलों के शीघ्रातिशीघ्र निस्तारण पर मुख्यमंत्री का विशेष जोर है। राजस्व विवादों के चलते कभी कभी कानून–व्यवस्था के लिए चुनौतियां उत्पन्न होती हैं। प्रदेश के 2941 राजस्व न्यायालयों में लंबित मामलों के त्वरित और समयबद्ध निस्तारण करने के लिए दो माह का विशेष अभियान



चलाने के निर्देश मुख्यमंत्री ने दिए हैं। लंबित राजस्व मामलों के निपटारे की समीक्षा मुख्यमंत्री के स्तर पर हर 15 दिन में की जा रही है। खराब प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों को कार्यप्रणाली में सुधार लाने की सख्त हिदायत सीएम ने दी है। राजस्व मामलों के निस्तारण में सबसे खराब प्रदर्शन करने वाले जनपदों में प्रतापगढ़, जौनपुर, संत रविदास नगर, अयोध्या, रायबरेली के जिलाधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा गया है। पैमाइश के मामलों में खराब प्रदर्शन वाली पांच तहसीलों सफीपुर उन्नाव , लोनी गाजियाबाद, कोरांव प्रयागराज, नकुड़ सहारनपुर और फतेहाबाद आगरा के उपजिलाधिकारियों को चेतावनी दी गई है। इसी मामले में खराब प्रदर्शन करने वाले जनपदों मेरठ, संत रविदास नगर, प्रयागराज, शाहजहांपुर और आगरा के जिलाधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा गया है। नामांतरण के मामलों के निपटारे में कोताही बरतने वाली दुद्धी सोनभद्र, मिहिपुरवां बहराइच, ओबरा सोनभद्र, मेजा प्रयागराज और रायबरेली रायबरेली के तहसीलदारों को प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई है। खराब निस्तारण वाले जनपदों रायबरेली, प्रतापगढ़, सोनभद्र, अयोध्या और संत रविदास नगर के जिलाधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा गया है। कुर्रा–बंटवारा के मामलों के निपटारे में खराब प्रदर्शन करने वाली तहसीलों भदोही संत रविदास नगर, रानीगंज प्रतापगढ़, हैदरगढ़ बाराबंकी, हंडिया प्रयागराज और कैम्पियरगंज गोरखपुर के उप–जिलाधिकारियों को चेतावनी जारी की गई है। कुर्रा–बंटवारा में खराब प्रदर्शन वाले जनपदों संत रविदास नगर, प्रतापगढ़, बलरामपुर, देवरिया, प्रयागराज के डीएम का जवाब तलब किया गया है।

## हम नहीं चाहते कि सुप्रीम कोर्ट 'तारीख-पे-तारीख वाली अदालत बनें, सीजेआई चंद्रचूड़ की बड़ी टिप्पणी

नयी दिल्ली (एजेन्सी)। भारत के प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ ने शुक्रवार को वकीलों से नए मामलों में स्थगन का अनुरोध नहीं करने की अपील करते हुए कहा कि वह नहीं चाहते कि उच्चतम न्यायालय



'तारीख–पे–तारीख अदालत बन जाए। दिन की कार्यवाही के आरंभ में प्रधान न्यायाधीश ने नए मामलों में वकीलों द्वारा स्थगन के अनुरोध का मुद्दा उठाते हुए कहा कि पिछले दो महीने में वकीलों ने 3,688 मामलों में स्थगन का अनुरोध किया। प्रधान न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पीठ में न्यायमूर्ति जे. बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी हैं। उन्होंने कहा, ''जब तक अत्यंत जरूरी नहीं हो, तब तक कृपया स्थगन का अनुरोध नहीं करें... मैं नहीं चाहता कि यह अदालत 'तारीख–पे–तारीख अदालत बन जाए। 'तारीख–पे–तारीख हिंदी फिल्म 'दामिनी में सनी देओल का लोकप्रिय संवाद था जिसमें अभिनेता ने फिल्म के एक दृश्य में अदालतों में स्थगन की संस्कृति पर रोष प्रकट किया था। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि अब वकीलों की संस्थाओं की मदद से शीर्ष अदालत में मामला दायर होने के बाद नए मामलों को सूचीबद्ध करने में समय का अंतर काफी कम हो गया है। उन्होंने इस तथ्य पर अफसोस जताया कि पीठ के समक्ष मामले सूचीबद्ध होने के बाद वकील स्थगन का अनुरोध करते हैं और यह बाहरी दुनिया के लिए बहुत खराब संकेत देता है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, ''मैं देख पा रहा हूं कि मामला दायर होने की अवधि से इसके सूचीबद्ध होने का समय घट रहा है। यह सब हम एससीबीए (सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन और एससीएओआरए (सुप्रीम कोर्ट एडवोकेट्स–अ न रिक र्ड एसोसिएशन) के सहयोग के बिना हासिल नहीं कर सकते थे। उन्होंने यह भी कहा कि स्थगन मामले की शीघ्रतापूर्वक सुनवाई के उद्देश्य को प्रभावित करता है।

## जीएसटी काउंसिल के मंत्री समूह के संयोजक बने यूपी के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना

लखनऊ (एजेन्सी)। उत्तर प्रदेश सरकार में वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना को माल एवं सेवाओं पर कर (जीएसटी) की दरों में संशोधन के लिए जीएसटी काउंसिल द्वारा गठित मंत्रियों के समूह (जीओएम) में संयोजक नामित किया गया है। जीएसटी काउंसिल द्वारा जीओएम में आंशिक संशोधन करते हुए इसे पुनर्गठित किए जाने से संबंधित आदेश भी जारी कर दिया गया है। इसमें सुरेश खन्ना को अहम जिम्मेदारी प्रदान की गई है। काउंसिल की विभिन्न बैठकों में सुरेश खन्ना के द्वारा दिए गए जरूरी सुझावों को देखते हुए उन्हें संयोजक नामित किया गया है। इससे पहले कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बासवराज बोम्मई जीओएम के संयोजक थे। उल्लेखनीय है कि जीएसटी काउंसिल जनहित में समय–समय पर कर की दरों में संशोधन करता रहता है। इसके लिए मंत्री समूह का गठन किया गया है। पुनर्गठित जीओएम में सुरेश खन्ना संयोजक होंगे, जबकि गोवा के परिवहन मंत्री म विन गोडिन्हो, बिहार के वित्त मंत्री विजय कुमार चौधरी, राजस्थान के शहरी विकास मंत्री शांति कुमार धारीवाल, पश्चिम बंगाल की वित्त मंत्री चंद्रमा भट्टाचार्य, कर्नाटक के राजस्व मंत्री कृष्ण बायरे गौड़ा और केरल के वित्त मंत्री केएन बालगोपाल सदस्य होंगे।



## भगवान श्री कृष्ण की कृपा रही तो लोकसभा चुनाव लड़ूंगी कंगना रनौत ने दिए पॉलिटिक्स में एंट्री के संकेत

द्वारकाधीश (एजेन्सी)। ब लीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत ने शुक्रवार को चुनावी राजनीति में उतरने का संकेत देते हुए कहा कि अगर भगवान कृष्ण की कृपा रही तो वह अगला लोकसभा चुनाव लड़ेंगी। कंगना आज सुबह भगवान कृष्ण के प्रसिद्ध द्वारकाधीश मंदिर में पूजा–अर्चना करने के लिए यहां आई थीं। पत्रकारों ने जब उनसे पूछा कि क्या वह अगला लोकसभा चुनाव लड़ेंगी, तब कंगना ने कहा, "श्रीकृष्ण की कृपा रही तो लड़ेंगे।" उन्होंने "600 वर्षों के संघर्ष के बाद" अयोध्या में भगवान राम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा को संभव बनाने के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की प्रशंसा की। अभिनेत्री ने कहा, "भाजपा सरकार के प्रयासों से हम भारतीयों को 600 वर्षों के संघर्ष के बाद यह दिन देखने को मिला है। हम बड़े धूमधाम के साथ



मंदिर की स्थापना करेंगे। सनातन धर्म का ध्वज पूरे विश्व में फहराया जाना चाहिए।" अपनी हाल में रिलीज हुई फिल्म 'तेजस में कंगना वायुसेना के पायलट का किरदार निभा रही हैं। कंगना ने सरकार से तीर्थयात्रियों को समुद्र के नीचे डूबे प्राचीन द्वारका शहर के अवशेषों को देखने की अनुमति देने के लिए उपाय करने का भी आग्रह किया। कंगना ने कहा, "मैं हमेशा कहती हूं कि द्वारका एक दिव्य नगरी है। यहां सब कुछ अद्भुत है। द्वारिकाधीश कण–कण में विद्यमान हैं। जब हम उन्हें देखते हैं तो मैं धन्य हो जाती हूं। मैं हमेशा कोशिश करती हूं कि जितना संभव हो सके, यहां आकर भगवान के दर्शन कर सकूं। जब भी मुझे काम से थोड़ी फुर्सत मिलती है, मैं आ जाती हूं।" उन्होंने कहा, "पानी में डूबी द्वारका नगरी को ऊपर से भी देखा जा सकता है। मैं चाहूंगी कि सरकार ऐसी सुविधा दे कि लोग पानी के अंदर जाकर अवशेषों को देख सकें। मेरे लिए कृष्ण की नगरी स्वर्ग के समान है।" कंगना ने अपनी आने वाली फिल्मों के बारे में भी बात की, जिनमें उनके द्वारा निर्देशित और निर्मित "इमरजेंसी" और "तनु वेड्स मनु पार्ट 3" शामिल हैं।

# सम्पादकीय.........

## जांच एजेंसियों की साख

दिल्ली सरकार के कथित शराब घोटाले के सिलसिले में मिले नोटिस के अनुरूप वैसे तो दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गुरुवार को प्रवर्तन निदेशालय के दिल्ली कार्यालय में उपस्थित होना था, लेकिन वे यह कहकर नहीं आये कि पहले से ही उनका आज मध्य प्रदेश में राजनीतिक कार्यक्रम तय है जहां विधानसभा के चुनाव होने वाले हैं। वहां उनके उम्मीदवार खड़े हैं। इस चुनावी व्यस्तता के कारण वे अभी ईडी कार्यालय नहीं आ सकेंगे। यह जवाब उन्होंने गुरुवार की सुबह ही ईमेल के जरिये भेजा था। साथ में यह आरोप भी लगाया कि ईडी द्वारा उन्हें भेजा गया समन श्अवैध और राजनीति से प्रेरितश है। यह नोटिस केन्द्र में सत्तारुढ़ भारतीय जनता पार्टी के इशारे पर भेजा गया है ताकि वे विभिन्न राज्यों के चुनाव प्रचार के लिए न जा सकें। उन्होंने यह भी कहा कि ईडी को यह नोटिस तत्काल वापस लेना चाहिए। उल्लेखनीय है कि इस मामले में दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और आप के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह पहले से ही न्यायिक हिरासत में हैं। साल 2021–22 की दिल्ली सरकार की आबकारी नीति को उप राज्यपाल वीके सक्सेना ने कथित अनियमितताओं के चलते रद्द कर दिया था। उनके अनुसार इसमें 338 करोड़ रुपये का मनी ल न्ड्रिंग का केस बनता है। साथ ही यह मामला केन्द्रीय जांच एजेंसियों को सौंप दिया गया था। 16 अप्रैल को वैसे केजरीवाल सीबीआई के कार्यालय में बैठकर करीब 9 घंटों तक चली पूछताछ के दौरान 56 सवालों के जवाब दे चुके थे और उन्होंने पूरे मामले को बेबुनियाद, मनगढ़ंत और आप को खत्म करने का प्रयास करार दिया था। अब 30 अक्टूबर को उन्हें फिर से समन दिया गया था कि वे गुरुवार को उपस्थित हों। इससे केजरीवाल की गिरफ्तारी तय बतलाई जा रही थी। मुमकिन है कि उन्हें ईडी दूसरा समन जारी करे या गिरफ्तार कर ले। वैसे गुरुवार को केजरीवाल मध्यप्रदेश के सिंगरौली में पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के साथ एक रोड शो करने के लिये निकल गये थे। ईडी के इस तरह से अचानक व संक्षिप्त नोटिस पर केजरीवाल को फिर से बुलाये जाने का मकसद उनकी गिरफ्तारी हो सकती है जिसके कारण उनकी पार्टी के नेताओं और अन्य दलों से जुड़े लोगों में प्रतिक्रिया होना भी स्वाभाविक है। यह साफ है कि जिस आम आदमी पार्टी को कभी भाजपा अपने सहयोगी दल के रूप में देख रही थी, अब इसलिये खटकने लगी है क्योंकि वह कांग्रेस के नेतृत्व में बने संयुक्त विपक्षी गठबन्धन इंडिया का हिस्सा बन गई है। आप सरकार के मंत्री गोपाल राय ने गुरुवार को ही आयोजित प्रेस क न्फ्रेंस कर कहा कि भाजपा एक सुनियोजित राजनीतिक साजिश के तहत केजरीवाल को गिरफ्तार करना चाहती है। इसके लिए वह केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है क्योंकि उसे डर है कि यदि सारे विपक्षी दल एक हो गए तो वह 2024 का लोकसभा चुनाव नहीं जीत पाएगी। पार्टी की एक अन्य मंत्री आतिशी ने पहले ही भाजपा पर आप नेताओं को झूठे मामलों में फंसाने का प्रयास करने का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा था कि हर तरफ से जानकारी मिल रही है कि 2 नवंबर को जब अरविंद केजरीवाल ईडी के सामने पेश होंगे तो ईडी उन्हें गिरफ्तार कर लेगी। आगे ईडी और आप क्या करने जा रही है, यह तो फिलहाल पता नहीं परन्तु कई लोगों के अनुसार ईडी के सामने उपस्थित न होकर केजरीवाल अपना पक्ष कमजोर कर रहे हैं। सम्भव है कि तकनीकी रूप से और कानूनी प्रक्रिया के अंतर्गत यह सही भी हो परन्तु यह भी जरूरी है कि जहां आवश्यक हो वहां प्रतिरोध भी किया जाना चाहिये। केजरीवाल हों या अन्य विपक्षी नेता, सभी के मामलों में साफ होता जा रहा है कि केन्द्र सरकार अपने पास मौजूद जांच एजेंसियों का उपयोग अपनी मर्जी से तथा राजनैतिक हित साधने के लिये करने में कोई गुरेज नहीं करती। सच तो यह है कि जांच एजेंसियों ने भी अपनी रीढ़ की हड्डी को गंवा दिया है। वह पिछले तकरीबन एक दशक से भाजपा के इशारे पर ही नाच रही है। भाजपा के लिये उसके नियम–कानून और हैं तो विपक्षी दलों के लिये कुछ और। देश भर में अनेक ऐसे मामले हुए हैं जिनकी जांच या उन पर फैसला चेहरे व पार्टी देखकर होता है। केन्द्र के अधीन काम करने वाली ये जांच एजेंसियां भाजपा के लिये अनेक सरकारों को गिराने या बनाने के काम में भी प्रत्यक्ष–परोक्ष रूप से सहयोग करती दिखाई देती हैं। भाजपा विरोधी नेताओं को डराकर उसके खेमे में लाने का काम महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक आदि राज्यों में सारे लोग देख ही चुके हैं। महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री के रूप में कार्यरत अजित पवार का मामला साफ बताता है कि भाजपा के लिये ये एजेंसियां उपकरण के तौर पर कार्य कर रही हैं। देवेन्द्र फडनवीस के मुख्यमंत्री बनाने के लिये जब समर्थन की आवश्यकता थी तो राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी को साथ लेकर रातों–रात अजित पवार के खिलाफ लम्बित मामले हटा दिये गये और उन्हें क्लीन चिट दी गई। जब उद्धव ठाकरे की सरकार गिरानी थी तो पहले शिवसेना को एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में तोड़ा गया तथा बाद में फिर से अजित पवार को लाकर उनके व उनकी पत्नी के खिलाफ बचे–खुचे प्रकरण वापस ले लिये गये। केजरीवाल को आज नहीं तो कल फिर से समन मिलना ही है और उन पर गिरफ्तारी की तलवार अभी भी लटकी हुई है, परन्तु अब गिरफ्तारियों का डर विरोधियों के मन से जा रहा है। अलबत्ता इन एजेंसियों की साख पूर्णतरू मिट्टी में मिल चुकी है।

# खाद्य एवं रसद राज्य मंत्री ने विभाग के कार्यो की समीक्षा की धान खरीद में तेजी लाये जाने के निर्देश

लखनऊ(संवाददाता)। प्रदेश के खाद्य एवं रसद राज्य मंत्री सतीश चन्द्र शर्मा ने निर्देश दिये कि धान खरीद में तेजी लायी जाय। उन्होंने कहा कि क्रय एजेन्सियों द्वारा संचालित किये जा रहे समस्त क्रय केन्द्रों का



सतत् निरीक्षण कराया जाये और क्रय केन्द्रों पर किसानों को बैठने व पीने के लिए पानी की व्यवस्था सुनिश्चित कराते हुये किसानों की धान प्राथमिकता पर तौल करायी जाये तथा समय से भुगतान किया जाये। उन्होंने कहा कि गत वर्षों में जिन किसानों का कोई भी अवशेष भुगतान है, उसको भी तत्काल भुगतान कराया जाये। यह निर्देश खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री, सतीश चन्द्र शर्मा ने आज बापू भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में खाद्य एवं रसद विभाग के कार्यों की समीक्षा के दौरान दिए।

श्री शर्मा ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि क्रय केन्द्रों पर खरीदे गये धान का परिवहन जी0पी0एस0 युक्त वाहनों के माध्यम से कराया जाये। उन्होंने विपणन शाखा के पी0डी0एस0 गोदामों को शीघ्रता से किरायेदारी से मुक्त किये जाने की कार्यवाही की जाय। उन्होंने कहा कि कई जगहों पर राशन कार्ड में अंकित मुखिया व सदस्यों में से किसी सदस्य की मृत्यु या विवाह के उपरांत स्थान परिवर्तन के बावजूद भी अन्य सदस्यों द्वारा राशन कार्ड में पूर्व से अंकित सभी सदस्यों के सापेक्ष राशन का उठान किए जाने की शिकायत प्राप्त हो रही है। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों का सत्यापन कराते हुए विस्थापित एवं मृतक राशन कार्ड धारकों के स्थान पर नए पात्रों के चयन सुनिश्चित करते हुए राशन कार्ड जारी करने की कार्यवाही शीघ्रता से की जाय। खाद्य आयुक्त सौरभ बाबू ने बताया कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत प्रदेश के प्रत्येक जनपद में 75 म डल उचित दर दुकानों का निर्माण कराया जा रहा है। प्रदेश में प्रस्तावित म डल दुकानों हेतु कुल 5,653 स्थानों का चिन्हांकन किया गया है, जिसमें से 159 म डल उचित दर दुकानों का निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है। 2,687 म डल उचित दर दुकानों का निर्माण कार्य गतिमान है, जिनमें लगभग 798 म डल उचित दर दुकानों का निर्माण कार्य इस माह के अन्त तक तक पूर्ण किया जाना प्रस्तावित है।

उन्होंने बताया कि प्रस्तावित दुकानों के माध्यम से विद्युत देयकों का भुगतान, सीद्गएसद्गसीद्ग सेवाएं, पीद्गएमद्ग वाणी के अन्तर्गत ब्र डबैंड सेवा तथा आमजनमानस की रोजमर्रा की आवश्यकता की वस्तुओं के बिक्री की अनुमति होने के कारण विक्रेताओं के आर्थिक व्यवहार्यता में वृद्धि संभव होगी। खाद्य आयुक्त ने बताया कि उचित दर दुकानों के माध्यम से ग्रामवासियों को विभिन्न जनसेवाएँ उपलब्ध कराए जाने से आमजनमानस को स्थानीय स्तर पर उनके लाभ प्राप्त होने के साथ–साथ उचित दर विक्रेताओं की आमदनी में बढ़ोत्तरी होगी। उन्होंने बताया कि सीद्गएसद्गसीद्ग द्वारा उचित दर विक्रेताओं को निःशुल्क पंजीत किया जा रहा है। उचित दर विक्रेताओं को कमीशन का 80 प्रतिशत हिस्सा प्राप्त होने की व्यवस्था गयी है। वर्तमान में जनपदों में सीद्गएसद्गसीद्ग कार्य हेतु इच्छुक उचित दर विक्रेताओं की सीद्गएसद्गसीद्ग स्तर से वाइट लिस्टिंग कराकर उनके आईद्गडीद्ग क्रियेशन का कार्य सम्पादित किया जा रहा है।

खाद्य आयुक्त ने अवगत कराया कि खरीफ विपणन वर्ष 2023–24 में न्यूनतम समर्थन मूल्य योजनान्तर्गत पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जनपदों में 01 अक्टूबर, 2023 से तथा पूर्वी उत्तर प्रदेश के जनपदों में 01 नवम्बर, 2023 से धान की खरीद प्रारम्भ हो गयी है। धान का समर्थन मूल्य क मन–रू–2183 प्रति कुं0 तथा ग्रेड–ए– रू–2203 प्रति कुं0 निर्धारित किया गया है। प्रदेश में खाद्य विभाग की विपणन शाखा, पी0सी0एफ0, पी0सी0यू0, यू0पी0एस0एस0, मण्डी परिषद एवं भा0खा0नि0 को क्रय एजेन्सी नामित किया गया है, जिनके माध्यम से प्रदेश में किसानों की सुविधा के लिए लगभग 5000 क्रय केन्द्र संचालित हैं। इस वर्ष अब तक 4.90 लाख किसानों द्वारा धान बिक्री हेतु अ नलाइन पंजीकरण कराया गया है तथा 15755 ैषकों से 99,243 मी0टन धान की खरीद हुई है। ैषकों को रू–171.00 करोड़ का भुगतान सीधे उनके बैंक खाते में करा दिया गया है। गतवर्ष इसी अवधि में 9069 किसानों से 60,515 मी0टन खरीद की गयी थी। इस वर्ष गतवर्ष से अधिक धान खरीद हुई है। बैठक में अपर आयुक्त, अनिल कुमार, अपर आयुक्त, अटल राय, वित्त नियंत्रक, खाद्य तथा रसद कमलेन्द्र कुमार, अपर आयुक्त (वि0), राजीव कुमार मिश्र एवं अपर आयुक्त (आ0), जी0पी0 राय उपस्थित

# कर्नाटक सीएम बनने के लिए तैयार, प्रियांक खड़गे के बयान पर घमासान

बेंगलुरु (एजेंसी)। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के इस बयान से कि वह पूरे कार्यकाल के लिए मुख्यमंत्री हैं, कांग्रेस सरकार में हड़कंप मच गया है, क्योंकि कई दावेदार अपनी आवाज उठा रहे हैं। डिप्टी सीएम डी.के. शिवकुमार के समर्थकों ने शुक्रवार को हुबली में डीके भावी सीएम हैं के नारे लगाए, मंत्री प्रियांक खड़गे ने रिंग में अपनी टोपी फेंक दी, और एक अन्य मंत्री ने परमेश्वर के लिए वकालत की। खड़गे ने कहा कि अगर आलाकमान उनसे कहेगा तो वह सीएम बनने को तैयार हैं. दूसरी ओर सहकारिता मंत्री के.एन. राजन्ना ने कहा कि राज्य के गृह मंत्री ड . जी. परमेश्वर में सीएम बनने के लिए सबकुछ है। मंत्री खड़गे ने कर्नाटक में सत्ता साझेदारी पर मैसूरु में पत्रकारों से बात करते हुए कहा, इस संबंध में जानकारी पार्टी में केवल चार लोगों को ही पता है। सीएम सिद्धारमैया के इस बयान पर कि वह पांच साल का कार्यकाल पूरा करेंगे, खड़गे ने कहा, सीएम का बयान निजी है। ये तो आलाकमान को कहना चाहिए.



अगर आलाकमान कहता है कि मैं सीएम हूं तो मैं हां कहूंगा। मंत्री के. एन. तुमकुरु जिले में एक कार्यक्रम के दौरान राजन्ना ने कहा कि गृह मंत्री ड . जी. परमेश्वर के सीएम बनने की पूरी संभावना है। "परमेश्वर वर्तमान में गृह मंत्री हैं। भविष्य में वह किसी भी पद पर जा सकते हैं। उन्होंने कहा,मैं और परमेश्वर तब तक सीएम सिद्धारमैया के साथ हैं जब तक वह पद पर हैं। लेकिन, अगर ऐसी स्थिति में जहां सिद्धारमैया पद पर नहीं हैं, परमेश्वर सीएम होंगे। डी.के. कांग्रेस सांसद और डिप्टी सीएम शिवकुमार के भाई सुरेश ने बेंगलुरु में कहा कि सीएम का पद अभी खाली नहीं है. उन्होंने कहा, ष्जब सीएम पद पर कब्जा है तो उस पर चर्चा व्यर्थ है। सीएम सिद्धारमैया और शिवकुमार को प्रशासन देने के लिए जनादेश मिला है और वर्तमान में सिद्धारमैया सीएम हैं और इसमें कोई संदेह नहीं होना चाहिए, सरकार को कोई खतरा नहीं है। उन्होंने कहा,"एआईसीसी अध्यक्ष फैसला लेंगे। व्यक्तिगत राय हो सकती है। परिवहन मंत्री रामलिंगा रेड्डी ने रेखांकित किया कि एआईसीसी ने सभी नेताओं से सत्ता और पार्टी के आंतरिक मामलों पर बयान जारी नहीं करने को कहा है। उन्होंने कहा, ष्यह छोटे और शीर्ष नेताओं पर भी लागू होता है। शिक्षा मंत्री मधु बंगारप्पा ने घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि कांग्रेस आलाकमान इस मामले का ध्यान रखेगा।

# गोरखपुर में भूकम्प से हिली धरती

आज शुक्रवार की रात करीब 11. 32 पर गोरखपुर के लगभग सभी इलाकों में भूकंप के झटके महसूस किए गए जानकारी के अनुसार भूकम्प का केंद्र



नेपाल बताया जा रहा है जो जिस हाल में था बस भागकर घर से बाहर निकला। एक दूसरे को फोन कर सभी पूछ रहे कि भूकंप आया था क्या? मोहल्लों की गलियां हों या चौराहे हर जगह लोग टहलते हुए दिखे। दोबारा भूकंप आने की आशंका में लोग देर रात तक टहलते रहे। अचानक धरती हिली फिर थम गए झटके गोलघर के दुर्गेश ने बताया कि पहले तो उन्होंने समझा कि कोई हिला रहा है। पत्नी के शोर मचाने पर बच्चों के साथ बाहर निकले तब तक भूकंप का झटका थम चुका था। रेती कि चांदनी ने बताया कि पति के लिए वह चाय बना रही थीं। अचानक उन्हें लगा कि धरती हिल रही है। जैसे ही वह शोर मचाती हुई किचन से बाहर निकली तब तक सब सामान्य हो चुका था। कूड़ाघाट के राहुल श्रीवास्तव ने बताया कि वह लेटे थे, अचानक उन्हें लगा कि कोई उनका बिस्तर हिला रहा है। जब तक उठकर भागे स्थित सामान्य हो गई। कोतवाली, तिवारीपुर, गोरखनाथ क्षेत्र में दशहतजदा लोग दोबारा भूकंप आने के डर से देर रात तक सड़क पर टहलते रहे। इंटरनेट मीडिया पर बढ़ गई हलचल भूकंप आने के बाद इंटरनेट मीडिया पर भी हलचल बढ़ गई। कुछ लोग भूकंप के झटकों को काफी तेज बता रहे थे। कुछ का कहना था कि उन्हें पता ही नहीं चला कि भूकंप आया है। कई लोगों ने ट्वीट करके सवाल भी किया क्या आपने भूकंप के झटके महसूस किए हैं। अभी तक किसी के घायल होने की खबर नही है

# पुलिस ने गस्त के दौरान भारी मात्रा में तस्करी का सामान किया बरामद

नौतनवा – भारत नेपाल के सरहदी



क्षेत्र में हो रहे अवैध तस्करी पर नियंत्रण हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत नौतनवा पुलिस ने ग्राम चंदीथान के रास्ते नेपाल जाने वाले तस्करी का 36 जोड़ा लेडीज सैंडिल,200 जोड़ा चप्पल,999 जोड़ा जूता और एक वाहन सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया गया पकड़े गए तस्करो की पहचान प्रदीप कुमार निवासी वार्ड नं एक इंदिरा नगर थाना नौतनवा,शंभू मौर्या निवासी सेवतरी थाना परसामलिक के रूप में हुई प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ कस्टम अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए बरामद किए गए सामान को नौतनवा कस्टम को सुपुर्द कर दिया गया।

# नागरिक कल्याण कार्यक्रम के तहत तीस दिवसीय कंप्यूटर प्रशिक्षण का किया आयोजन

नौतनवा – भारत नेपाल के



सरहदी गांवों में बेरोजगार युवाओं के लिए एसएसबी द्वारा चलाए जा रहे नागरिक कल्याण योजना के तहत एसएसबी 22 वी वाहिनी के तत्वाधान में नौतनवा तहसील क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बरगदवा ग्राम पंचायत भवन पर तीस दिवसीय कंप्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे तीस बच्चो को प्रशिक्षण दिया जाएगा द्य नागरिक कल्याण कार्यक्रम 2 नवंबर से 2 दिसंबर तक चलाया जाएगा द्य कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नौतनवा ब्लाक प्रमुख राकेश मद्धेशिया रहेद्य इस दौरान एसएसबी 22 वी वाहिनी कमांडेंट सुशांत सिंह, बरगदवा थानाध्यक्ष स्वतंत्र सिंह,पिपरा प्रध ाान रहमान,भाजपा मंडल अध्यक्ष बाबुनंदन शर्मा,भगतपुरवा प्रधान पवन मद्धेशिया,नरेंद्र, पूरन सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## नेपालेंनेपाल के रुकुम पश्चिम जिला जाजारकोटा में शुक्रवार की रात 11: 47 पर 6.4 के भूकंप झटके आए



गोरखपुर। नेपालेंनेपाल के रुकुम पश्चिम जिला जाजारकोटा में शुक्रवार की रात 11रू 47 पर 6.4 के भूकंप झटके आए जिससे 78 से ज्यादा लोगों की मौत और 100से ज्यादा घायल नेपाल के जाजारकोटा जिला पुलिस ने पुष्टि की है नेपाल मे भूकंप से घायल लोगों को नेपाली आर्मी सशस्त्र प्रहरी नगर प्रहरी द्वारा उपचार के लिए हवाई जहाज से नेपालगंज को ले जाया जा रहा है।

# राष्ट्रीय एकता दिवस पर हुआ कार्यक्रम का आयोजन

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय



राजकीय महाविद्यालय, सहजनवा, गोरखपुर में मंगलवार को भारत के प्रथम गृहमंत्री,–लौह पुरुष– सरदार वल्लभभाई पटेल जी की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में आयोजित किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. (श्रीमती) कुमुद त्रिपाठी द्वारा सरस्वती प्रतिमा एवं सरदार वल्लभभाई पटेल जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं सम्मुख दीप प्रज्वलन कर किया गया । तत्पश्चात् अपने उद्‌बोधन में प्राचार्या डॉ. (श्रीमती) कुमुद त्रिपाठी ने कहा कि – वल्लभभाई पटेल आधुनिक भारत के महान् शिल्पकार थे जिन्होंने 550 से अधिक रियासतों का एकीकरण कर एक सशक्त एवं सुदृढ़ भारत की नींव रखी । कार्यक्रम के अंत में प्राचार्या ने सभी को राष्ट्र की एकता एवं अखंडता को बनाए रखने की शपथ दिलाई । कार्यक्रम का संचालन डॉ. अंकिता मद्धेशिया एवं धन्यवाद ज्ञापन श्री अमित गोयल के द्वारा किया गया । इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार के डॉ. करुणेश त्रिपाठी, डॉ. महंथ यादव, डॉ. दीपक सोनी, डॉ . रजनी गुप्ता, श्रीमती ममता गौतम, मनीषा उपासना, नूपुर शुक्ला, अंकिता सिंह, प्रज्ञा, पायल भारती, चाँदनी, अलीशा, अंशिका यादव, प्रिया, शुभम आदि उपस्थित रहे । कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से हुआ ।

## भू माफिया कमलेश व दीनानाथ की 105 करोड़ की संपत्ति जब्त प्रशासन ने मकान, जमीन, आईटीआई, कॉलेज समेत 10 संपत्तियों को कब्जे में लिया

गोरखपुरध्पुलिस और प्रशासन की टीम ने गुरुवार को भूमाफिया कमलेश यादव और उसके साथी दीनानाथ की 105 करोड़ की 10 संपत्तियों को जब्त कर लिया। जो संपत्तियां जब्त की गई है।



उनमें से जमीन, मकान, आईटीआई क लेज, ह स्टल, मैरिज हाउस, गेस्ट हाउस और जमीन शामिल है ह स्टल में रहनेवालो को खाली करने के लिए 3 नवंबर तक का समय दिया है। 2012 तक फौज में नौकरी करने वाले एम्स थाना क्षेत्र के बहरामपुर अहिरवाती टोला निवासी कमलेश यादव और कुसमी बाजार में जूता चप्पल की ।दुकान चलाने वाले कुसमी बाजार निवासी दीनानाथ प्रजापति पुत्र मोहन ने जालसाजी कर जमीन के धंधे से 11साल में अरबो की संपत्ति बनाई। पुलिस और प्रशासन की टीम ने जप्त किया है इन संपत्तियों में नंदा नगर में स्थित दुकान तथा मोतीपुर में स्थित मकान शामिल हैं दुकान और मकान में रहने वाले किराएदारों को खाली करने के लिए और शनिवार दोपहर तक का समय दिया गया है कमलेश और दीनानाथ की लखनऊ तथा बाराबंकी की संपत्ति का आकलन करने की एक टीम लखनऊ जाएगी पिछले दिनों इसको लेकर वहां के डीएम को चिट्ठी लिखी गई थी रिपोर्ट तैयार कर कर उसकी भी व्यक्ति की तैयारी है एसपी सिटी ेंष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि माफिया की काली कमाई से बनाई गई संपत्ति की जपती की कार्रवाई जारी रहेगी।



# गोरखपुर के सेंट एंड्रयूज कॉलेज में तैयार हो रहा क्रिकेट का भविष्य

# Previous govts were discriminatory in giving benefits of welfare schemes: U-P- CM Yogi

Chief Minister Yogi Adityanath criticized previous governments for discriminating against



scheduled caste and scheduled tribe members when providing welfare benefits- He praised Prime Minister Narendra Modi for his leadership and announced that Scheduled Caste and Scheduled Tribe Day will be celebrated on November 15 in Uttar Pradesh- Adityanath also eÛpressed concern over air pollution in Delhi and Haryana- Saying that scheduled caste and scheduled tribes members were getting benefits of welfare schemes on a large scale] chief minister Yogi Adityanath on Friday condemned the previous governments for looking at caste and religion of beneficiaries and adopting a discriminatory attitude before eÛtending them the benefits of such schemes- Applauding PM Narendra Modi for his visionary leadership Yogi said the Scheduled Caste and Scheduled Tribe Day will be celebrated across Uttar Pradesh on November 15- Yogi eÛpressed these views while addressing a gathering at the SC/ST regional conference at Champa Devi Park in Gorakhpur- Prior to it] he inaugurated and laid foundation stones of 140 development projects worth ?271 crore there- Underlining the change in people*s perception] the CM said every Indian was thankful to the PM- He said it was also the time to eÛpress our gratitude to Dr BR Ambedkar as the Constitution Day was drawing nearer- He said PM Modi had played a pivotal role in giving respect to Dr Ambedkar and showcasing his legacy- Yogi further said the Centre had planned to develop the places associated with Dr Ambedkar as holy places and as a symbol of inspiration for the coming generations- He said the government welfare schemes for the impoverished] marginalised] dalits women youths and farmers were reaching all segments- ÞIt is a means to eÛpress our gratitude to Dr Ambedkar]ß he added-

# BCCI ICC giving different suspicious balls to India: EPakistan player accuses Shami Siraj of foul play on live TV

Former Pakistan cricketer Hasan Raza suspects foulplay and claims the ICC



and BCCI are delivering special balls to India which is assisting them in World Cup- The cricketing world cant stop raving about the collective efforts of Indias pace trio – Jasprit Bumrah Mohammed Shami and Mohammed Siraj – following their hostile spell of bowling against Sri Lanka in the World Cup 2023 match at Mumbais Wankhede Stadium- Shami Bumrah and Siraj were breathing fire combining to scalp 9 out of the 10 wickets which skittled Sri Lanka for their secondlowest ODI total of 55 in chase of 359- The India pace troika now has taken a total of 38 wickets between them- If that isnt the best pace attack going around in the world right now not sure what is- But while Shami Siraj and Bumrah have captured the imagination of a plethora of former cricketers and garnered praises from them for their spellbound bowling yesterday there are those who continue to belittle their efforts- Hasan Raza the former Pakistan cricketer who is no stranger to controversies has levelled a strong allegation against the Indian team accusing them of foul play- Raza believes that the ICC and the BCCI are favouring the Indian team by delivering special balls and urged the matter to be looked into- quot;We are seeing that when they are batting they bat really well and suddenly the ball starts doing things when India bowl- There have been 78 close DRS calls that have gone in their favour- The way Siraj and Shami were swinging the ball it seemed like the ICC or the BCCI were giving them different and suspicious balls in the second innings- There needs to be an inspection done on the ball- There could also be an etra layer of coating on the ball for swingquot; Raza said while speaking to a channel called ABN- quot;India had three fielders in place and even KL Rahul was standing long behind the stumps- It means that the ball had that hardness even after so many overs- Shami picked 5 wickets for some 18 runs Siraj got 3- I cant imagine that these are international batters and theyre all getting out playing across- Its almost as if the ball that is used earlier vanishes- So I supposed this should be looked into-quot;

# ViratKohli Century Number 49 | How Does the Milestone Unfold in Indian Cricket

Indias ViratKohli looks skywards as he celebrates



scoring a century during the ICC Mens Cricket World Cup match between India and South Africa in Kolkata] India India's premier batter ViratKohli on Sunday equalled his idol Sachin Tendulkar's record of most ODI centuries with his 49th hundred in their World Cup match against South Africa here] celebrating his 35th birthday in the most befitting manner-

Kohli reached the landmark when he scored a single off KagisoRabada in the 49th over of the Indian innings in front of a packed Eden Gardens crowds that kept chanting his names- With this the Indian maestro added another feather to his already illustrious cap while continuing his rich vein of form in the tournament- He remained unbeaten on 101 and faced 121 balls in his knock that had 10 shots to the fence- EÛpectations have been building up here since the Indian team landed in the City of Joy that houses one of cricket's most iconic venues- Prior to the match against South Africa] Kohli narrowly missed out on his 49th ODI century during India's match against Sri Lanka on Thursday at the Wankhede Stadium- Playing in front of the Master Blaster] who was watching the game] Kohli was dismissed for 88- Before that he had played a stroke&filled knock of 95 off 104 balls to seal India's four&wicket win over New Zealand at the Himachal Pradesh Cricket Association Stadium- Kohli entered this game just one short of matching Tendulkar's incredible tally- While Kohli took 277 innings to hit 49th century] Tendulkar took 452 innings- However it may be mentioned that Kohli has always been a top&order batter] Tendulkar batted down the order in about 80 matches before becoming a top&order batter in different playing conditions-



# Northeast monsoon brings heavy rain to Tamil Nadu; Orange alert issued in three Kerala districts

The weather department further forecast the possibility of heavy rain at



isolated locations in Kerala from November 4 to 8- Heavy rain lashed parts of Tamil Nadu on Saturday and the Indian Meteorological Department ¼IMD½ has issued an ^orange alert predicting adverse weather conditions until Sunday- The onset of the northeast monsoon has intensified in the state leading to heavy to very heavy rainfall in sourthern districts- The IMD has also issued an ^orange alert for parts of Kerala indicating the likelihood of very heavy rainfall on Saturday- The Met Department has predicted very heavy rainfall in three districts: Pathanamthitta Idukki and Ernakulam- IMD has forecasted light to moderate fairly widespread heavy rain in the southern part of India for the net seven days- This rainfall is epected toaffect Tamil Nadu Puducherry Karaikal and southern Karnataka with precipitation epected to continue until November 6 starting from Saturday- Due to bad weather forecast by the weather agency on November 4 and 5 schools in nine districts namely Chennai Kanyakumari Tenkasi Theni Madurai Tirunelveli Dindigul Sivagangai and Nellai were temporarily shut for one day- The met department predicted that moderate rainfall will persist in isolated areas of Tamil Nadu Pondicherry and Karaikkal for the net si days- According to Chennai Regional Meteorology Department in the net three days heavy rainfall is epected in isolated locations within districts including Kanyakumari Tirunelveli Tenkasi Theni Dindigul Virudhunagar Madurai Sivaganga Pudukkottai Tiruppur Coimbatore Nilgiris Erode Krishnagiri Dharmapuri Thoothukudi and Ramanathapuram- According to the met department Chidambaram in Tamil Nadu has reported 8 cm of rainfall while Annamalai Nagar Manjolai Radhapuram and Kakkachi have recorded 7 cm of rainfall over the past 24 hours- The IMD has issued heavy rainfall warnings for various districts in Kerala and Tamil Nadu- A yellow alert has been issued for Saturday in districts Alappuzha Kottayam Ernakulam Thrissur Palakkad Malappuram Kozhikode Wayanad and Kannur in Kerala-




# Loved Parineeti Chopras red ethnic ensemble for Karwa Chauth celebrations with Raghav Chadha\ It costs ?1-56 lakh

Parineeti Chopra and Raghav Chadha served ethnic fashion goals as the adorable couple celebrated



their first Karwa Chauth in stunning ethnic ensembles- Parineeti Chopra and Raghav Chadha the newly married couple of Btown celebrated their first Karwa Chauth together on Wednesday- Ever since the actorpolitician duo tied the knot they have been making headlines with their mesmerising wedding pictures- And their fans received yet another surprise as Parineeti took to Instagram and shared a few snaps from their Karwa Chauth rituals that left fans swooning- In the post the adorable couple can be seen all smiles and radiant in stunning ethnic ensembles- Parineeti is a total runner and when it comes to ethnic wear the actress knows how to hit the fashion mark like a pro- Her Karwa Chauth look in red traditional attire is no eception and is sure to inspire your festive wardrobe- Scroll down for details- Parineeti set social media ablaze when the actress shared her glam pictures accompanied by the caption quot;Happy first Karwa Chauth my love---quot;- Her post quickly went viral on social media garnering more than 600k likes in just a few hours and several comments from her adoring fans who cant stop gushing over her look- One fan commented quot;Couple of goalsquot; while several others dropped fire and hearteye emoticons- Lets take a look at their lovely photos- For her traditional look Parineeti opted for a red anarkali set in a luurious silk fabric with a split crew neckline embellished with heavy vintage gold embroidery- It features elbowlength sleeves a loose fit and intricate hand embroidered zardozi work on the borders showcasing rich Indian craftsmanship- She paired it with a matching embroidered salwar and dupatta with lace border details- If you loved Parineetis look and wondered how much her outfits cost dont worry weve got your back- Her stunning suit is from the shelves of designer Mrunalini Rao and comes with a price tag of ?1-56 lakh-

# Shilpa Shetty Rani Mukerji Sonam Kapoor and other celebs attended Anil Kapoors Karwa Chauth bash- Who wore what

Description Rani Mukerji Sonam Kapoor Shilpa Shetty Varun Dhawan and other celebs arrived at Anil Kapoors Juhu residence to celebrate Karwa Chauth- All pics videos- The festive season in India means lavish Bollywood parties with a star studded presence- This Karwa Chauth was no eception as Anil Kapoor hosted a grand Karwa Chauth celebration bash which was graced by the B town Alisters including Shilpa Shetty Raj Kundra Rani Mukerji Sonam Kapoor Mira Rajput Varun Dhawan Natasha Dalal Mana Shetty and Geeta Basra and many more- The event was nothing short of a glamorous affair as the celebrities arrived in stunning ethnic outfits that served as fashion inspiration- While some donned equisite suits others sported mesmerising sarees- Dont forget to take fashion notes- Scroll down to see who wore what- Sonam Kapoor Bollywoods ultimate fashionista turned heads as she arrived in a stunning silver saree embellished with intricate floral embroidery on the borders- She wrapped it elegantly around herself euding grace- She paired it



with a blush pink blouse featuring a round neckline and elbowlength sleeves- She accessorised her look with statement diamond earrings maang tikka and bangles from Zoya- The pearlstudded trendy clutch bag added the etra glamour- With her hair down and glam makeup Sonam looked like an elegant princess- Shilpa Shetty and Raj Kunda arrived hand in hand in stunning ethnic ensembles- Shilpa donned a glamorous pink saree adorned with intricate golden embroidery and paired it with a sleeveless vneck blouse- She completed her glam look with a gold traditional choker necklace mangalsutra stacked bangles adorning her wrist and diamond stud earrings- With rosy cheeks pink lipstick red bindi sindur and open curls she finished off her glam look- On the other hand Raj Kundra looked dapper in an elegant white kurta pyjama- Rani Mukherji looked elegant and graceful in a pink kurta set- Her outfit featured intricate hand embroidery all over in golden colour- She paired it with a multicoloured lahariya dupatta in shades of yellow pink and red- With pink lipstick bindi kohled eyes mascaraed eyelashes and open hair she looked stunning- Mira Rajput is a total stunner and she graced the Karwa Chauth event in a mesmerising red saree that is sure to steal hearts- Her saree attire featured a stunning mirrorwork border all over- She draped it elegantly letting her pallu fall beautifully from her shoulders- She paired it with a sleeveless matching blouse- With a golden potli bag and statement earrings she accessorised her look- With minimal makeup and open hair she rounded off her glamorous look-

## मनोरंजन

# बिपाशा बसु ने बेटी देवी का टेडी के साथ खेलते हुए पोस्ट किया वीडियो, फैंस ने किए प्यारे मैसेज

बिपाशा बसु और करण सिंह ग्रोवर ने 12 नवंबर, 2022 को अपने पहले बच्चे का स्वागत किया। कपल ने उसका नाम देवी बसु सिंह ग्रोवर रखा, और उसके नाम की घोषणा करने के लिए एक पोस्ट भी शेयर की थी। बिपाशा बसु फिलहाल अपने पैरेंटिंग के सफर को काफी ज्यादा एंज य कर रही हैं. एक्ट्रेस अपने मदरहुड की झलक अक्सर अपने फैंस के साथ शेयर करती रहती हैं. हालांकि बिपाशा बसु और उनके हबी करण सिंह ग्रोवर ने अपनी लाडली का चेहरा अभी तक दुनिया के सामने रिवील नहीं किया है, फिर भी लोग उनकी बेटी की महज कुछ झलकियां देखकर भी खुशी से झूम उठते हैं। बिपाशा बासु अपनी बेटी देवी की कोई–न–कोई वीडियो सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट करती रहती है, अब बिपाशा ने एक बार फिर देवी की प्यारी सी वीडियो अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट की उन्होंने वीडियो को कैप्शन दिया, "दांत निकलना..काटो काटो काटो"। वीडियो में, देवी को गुलाबी और सफेद रंग की फ्र क पहने हुए देखा जा सकता है, जो मुलायम खिलौने को काटकर अपनी शुरुआती परेशानी को शांत करने की कोशिश कर रही है। बिपाशा बासु सोशल मीडिया अकाउंट पर देवी की फोटोज,वीडियो पोस्ट करती करती है, उनके फैंस देवी की एक झलक का इंतजार करते रहते है,अब जब बिपाशा ने बेटी की वीडियो पोस्ट की तो फैंस ने जमकर कमेंट्स किये। उनमें से एक ने कमेंट किया, "वाह बहुत प्यारा बच्चा", एक अन्य यूजर ने लिखा "ओह!!! वह बहुत प्यारी है!!! देवी तीन महीने की थीं, तब उन्हें सर्जरी करानी पड़ी थी। उन्होंने कहा, "हमारी यात्रा किसी भी सामान्य मां और पिता से बहुत अलग रही है, यह



उस मुस्कान से कहीं अधिक कठिन है जो अभी मेरे चेहरे पर है। मैं नहीं चाहूंगी कि किसी भी मां के साथ ऐसा हो। एक नई मां के लिए , जब आपको यह पता चलेगा मुझे मेरे बच्चे के जन्म के तीसरे दिन पता चला कि हमारी बच्ची के दिल में दो छेद हैं। मैंने सोचा कि मैं इसे साझा नहीं करूंगी, लेकिन मैं इसे इसलिए साझा कर रही हूं क्योंकि मुझे लगता है कि बहुत सारी मांएं हैं, जिन्होंने इस यात्रा में मेरी मदद की और उन मांओं को ढूंढना बहुत मुश्किल था। जब आप जन्म देते हैं तो आप नहीं चाहते कि आपके बच्चे के साथ कुछ भी गलत हो।

# यूटी69 में दिखाया गया राज कुंद्रा का जेल का सफर, सिस्टम की खोली पोल

शाहनवाज अली द्वारा निर्देशित श्यूटी 69श, मुंबई की आर्थर रोड जेल में बिताए समय के दौरान एंटरप्रेन्योर राज कुंद्रा के उथल–पुथल भरे अनुभवों पर आधारित है।

फिल्म की कहानी राज कुंद्रा, विक्रम भट्टी और अली ने लिखी है और एसवीएस स्टूडियो द्वारा समर्थित है। कहानी की शुरुआत राज कुंद्रा के आर्थर रोड जेल पहुंचने से होती है, जिन्हें गलत तरीके से वहां लाया जाता है। अपराध का कोई सबूत नहीं होने के बावजूद उन्हें धमकाने जैसा अमानवीय व्यवहार का सामना करना पड़ता है। फिल्म में राज कुंद्रा ने खुद को चित्रित किया है, जिसमें वह पोर्नोग्राफी केस में फंस जाते है और सलाखों के पीछे पहुंच जाते है। अपने वास्तविक जीवन के इस अनुभव को बताने के लिए उन्होंने यह फिल्म बनायी है।

फिल्म की शुरुआत से ही, यह बदमाशी, अस्वच्छता, नींद की कमी और अपर्याप्त भोजन के शिकार एक निर्दोष व्यक्ति की दर्दनाक कहानी को उजागर करती है, जो किसी भी अपराध ा का दोषी साबित नहीं होने वाले व्यक्ति के साथ हुए अन्यायपूर्ण व्यवहार की एक स्पष्ट तस्वीर पेश करती है। उल्लेखनीय रूप से, फिल्म के क्रिएटर्स ने जेल में बिताए गए दिनों को खूबसूरती से चित्रित किया है। वे एक ऐसी कहानी को प्रभावी ढंग से बयां करते हैं जो कई स्तरों पर चलती है। यह निर्दोषों की दुर्दशा, जेल के भीतर जीवन की क्रूर वास्तविकता, दबंगई कैदियों की उपस्थिति, बुनियादी आवश्यकताओं का न होना, खराब खाना और उदासीन अधिकारियों की संवेदनहीनता को उजागर करता है। फिल्म के डायल ग्स शनदार हैं। फिल्म एक ऐसे सिस्टम को उजागर करती है जो अपराध के साबित हुए बिना लोगों से अमानवीय व्यवहार करने को लेकर है। जहां पहले पार्ट में करेक्टर्स और जेल रुटीन को दिखाया जाता है, वहीं बाद के पार्ट में मानवतावादी पहलू पर भी रोशनी डाली गई है। कैदियों के बीच सौहार्द, दिनचर्या के बीच सांत्वना की तलाश और संबंधों को कहानी के दौरान कुशलता से चित्रित किया गया है। यह फिल्म न केवल कुंद्रा की कठिन परीक्षा, बल्कि जेलों की निराशाजनक स्थिति और अधिकारियों की उदासीनता का भी प्रमाण है।

# बिग बॉस 17: सलमान खान ने शो कॉन्ट्रैक्ट नियम तोड़ने के लिए अंकिता, विक्की की क्लास लगाई

रियलिटी शो बिग ब स 17 में शो के नियम तोड़ने को लेकर ब लीवुड सुपरस्टार सलमान खान विक्की जैन और अंकिता लोखंडे को फटकार लगाते नजर आएंगे। प्रोमो के अनुसार वीकेंड का वार के आगामी एपिसोड में सलमान शो में प्रवेश करने से पहले विक्की के घर के सदस्य नील भट्ट तक पहुंचने का



विषय उठाते हुए दिखाई देंगे, जो शो के प्रसारण से पहले अन्य प्रतियोगियों के साथ जुड़ने के नियमों के खिलाफ है। नए प्रोमो में सलमान शो में प्रवेश करने से पहले नील के साथ उनके गुप्त फोन क ल के बारे में बात करते नजर आएंगे। सलमान ने प्रतियोगियों से पूछारू श्आप लोगों ने जो अनुबंध पर हस्ताक्षर किए थे, उसमें इस शो के सभी नियम और शर्तों का स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया था। आप में से कितने लोगों ने अनुबंध का स्पष्ट रूप से सम्मान किया है? घर में प्रवेश करने से पहले किसने किससे बात की है? विक्की जवाब देते हैं सर, मैंने शो में प्रवेश करने से दो दिन पहले नील से बात की थी। सलमान फिर अंकिता से सवाल करते हैं क्या आप जानते हैं ।

# बिग बॉस विजेता एल्विश यादव की रेव पार्टी में जहरीले सांप, विदेशी लड़कियांय पांच गिरफ्तार

बिग ब स विजेता एल्विस यादव नोएडा में रेव पार्टी किया करता था



और पुलिस ने पीएफए की शिकायत पर एल्विस की रेव पार्टी करने वाली जगह पर छापेमारी कर पांच लोगों को गिरफ्तार किया है और उनसे 9 जहरीले सांप बरामद किए हैं। पता चला है ।

कि एल्विस की इस रेव पार्टी में जहरीले सांपों को लाया जाता था और साथ ही विदेशी लड़कियां भी इस पार्टी में शामिल होती थी। इस मामले में पीएफए की तरफ से दी गई शिकायत के आधार पर एल्विस यादव समेत 6 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। फिलहाल पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार किया है और एल्विस की गिरफ्तारी का प्रयास जारी है। जानकारी के मुताबिक इस पार्टी में प्रतिबंधित सांपों और विदेशी लड़कियों को लाया जाता था। फिलहाल एल्विश यादव अभी मामले में है फरार चल रहा है।ये पूरा मामला नोएडा के थाना सेक्टर 49 इलाके का है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक थाना सेक्टर–49 पुलिस द्वारा वादी (पीएफए–एनिमल वेलफेयर अ फिसर) की तहरीर के आधार पर एलविश यादव सहित 6 व्यक्तियों के विरुद्ध नोएडा सेक्टर–51 स्थित बैक्वट हाल में पार्टी करने व सांपों का जहर उपलब्ध कराने के संबंध में मामला दर्ज करते हुए बैंक्वेट ह ल से 5 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है।







फैमिली आईडी से मिलेगा सरकार की योजनाओं का लाभ

# केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं में लाखों नए लाभार्थियों जोड़े जाएंगे

लखनऊ(संवाददाता)। यूपी में रहने वाले पात्र परिवारों को सरकार की योजनाओं से जोड़ने के लिए योगी सरकार ने श्फैमिली आईडीः एक परिवार एक पहचानश्की शुरुआत की है। इस योजना के माध्यम से सरकार नए लाभार्थियों की पहचान करने और इसके तहत विभिन्न योजनाओं में लाखों नए लाभार्थियों को जोड़े जाने की प्रक्रिया पर कार्य किया जा रहा है। इनमें मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, विभिन्न पेंशन स्कीम के साथ ही विद्यालयों में आउट अ फ स्कूल छात्रों को जोड़ने का कार्य प्रगति पर है। फैमिली आईडी का उद्देश्य अप्रयुक्त योजनाओं में पात्र लाभार्थियों की पहचान के माध्यम से योजनाओं का बेहतर कवरेज देना, डुप्लीकेट और फर्जी लाभार्थियों को हटाना और प्रमाण के बोझ को कम करके नागरिकों के लिए योजनाओं में आवेदन का सरलीकरण करना है। फैमिली आईडी के तहत प्राप्त डेटा के अनुसार मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना में अतिरिक्त लाभार्थियों को शामिल किए जाने की तैयारी हो रही है। योजना के तहत संभावित लाभार्थियों की पहचान कर ली गई। इस योजना के तहत नामांकन के लिए 28,000 सत्यापित पात्र लाभार्थी की सूची तैयार है। वहीं 5 हजार से अधिक नए आवेदन भी प्राप्त हुए हैं। वही सीएम हेल्पलाइन के माध्यम से लाभार्थी को क ल किया जाता है और उसके बाद डीपीओ द्वारा जमीनी सत्यापन किया जाता है।

इसी तरह एनएफएसए के तहत भी नए पेंशनभोगियों को शामिल किए जाने की योजना है। 16 लाख ऐसे लाभार्थी पाए गए हैं जो पेंशन (वृद्धावस्थाः विधवाःविकलांगता) का लाभ उठा रहे हैं, लेकिन एनएफएसए से छूट गए हैं। नवंबर के अंत तक ऐसे 2 लाख पेंशनभोगियों को शामिल करने का लक्ष्य रखा गया है। यही नहीं, एनएफएसए का लाभ उठाने वाले वृद्ध नागरिकों को भी शामिल किए जाने की तैयारी है जो वृद्धावस्था पेंशन का हिस्सा नहीं है।इसके अंतर्गत 3.26 लाख एकल सदस्य परिवारों की पहचान की जा रही है जहां सदस्य वृद्धावस्था पेंशन का लाभ नहीं उठा पा रहे हैं। सीएम हेल्पलाइन के माध्यम से इन सभी संभावित लाभार्थियों को क ल करने की योजना पर काम चल रहा है। इसके अतिरिक्त फैमिली आईडी के माध्यम से बेसिक शिक्षा विभाग से जुड़े विद्यालयों में स्कूल न जाने वाले संभावित छात्रों (6–14 वर्ष) को भी शामिल किया जाएगा। इसके तहत 22 लाख परिवारों की पहचान की गई है जहां 6–14 वर्ष की आयु के बीच का 1 बच्चा बेसिक शिक्षा में पढ़ रहा है, अन्य भाई–बहन आवश्यक सत्यापन और आउट अ फ स्कूल के संभावित छात्रों का नामांकन नहीं है।

उत्तर प्रदेश में अब तक 4.8 करोड़ लाभार्थियों को 13 विभागों की ओर से 42 योजनाओं और सेवाओं में फैमिली आईडी डेटाबेस में मैप किया गया है। यही नहीं, भारत सरकार की 4 योजनाओं के लाभार्थी डेटा को भी इससे जोड़ा गया। 4 अलग–अलग एनालिटिक्स उपयोग मामलों में संभावित नए लाभार्थियों की पहचान की गई है।

# एस आर ग्रुप का उड़ान कार्यक्रम भव्यता के साथ सम्पन्न

लखनऊ(संवाददाता)। बख्शी का तालाब स्थित एस आर ग्रुप अ फ इंस्टिट्यूशन की संस्था एस आर ग्लोबल स्कूल में आज उड़ान 2023 वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य,मंत्री पर्यटन जयवीर सिंह, मंत्री मनकेश्वर शरण सिंह(संसदीय कार्यमंत्री), राज्यमंत्री रजनी तिवारी (उच्च शिक्षा), मंत्री अनूप प्रधान( राजस्व), मंत्री सतीश शर्मा (खाद्य एवं रसद) मंत्री जसवंत सिंह सैनी (औद्योगिक विकास), मंत्री सूर्य प्रकाश शाही (ृषि) मंत्री दानिश राजा अंसारी (अल्पसंख्यक कल्याण), मंत्री संदीप कुमार सिंह (बेसिक शिक्षा) मंत्री नरेंद्र कुमार कश्यप (पिछड़ा वर्ग कल्याण), केंद्रीय मंत्री आवास एवम शहरी विकास कौशल किशोर ,धर्म पाल सिंह महामंत्री संगठन भाजपा उत्तर प्रदेश, मंत्री कारागार सुरेश राही,युवा नेता नीरज सिंह,सभापति मानवेन्द्रसिंह, महंत राजू दास हनुमानगढ़ी, इंजी अवनीश सिंह एमएलसी, विधायक नीरज बोरा ,विधायक योगेश शुक्ला,पत्रकार अजीज सिद्दीकी,अब्दुल वहीद,जुबैर अहमद,परवेज अख्तर,एन आलम,शबाब नूर, मो शादाब,जमील मालिक,जावेद बेग, मो इकराम आदि उपस्थित थे।इस कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना के साथ दीप प्रज्वलित कर की गई।जिसमें माननीय एमएलसी सहित सभी अतिथि गण ने दीप प्रज्वलित किया। इस कार्यक्रम में छात्रों ने नाट्य नाटिका ,संगीत वादन एवं नाटक मंचन ,नृत्य कर सभी आए हुए अतिथियों का स्वागत किया, एसआर ग्लोबल स्कूल और एस आर इंटरनेशन स्कूल एंड स्पोर्ट्स एकेडमी, प्राइमरी से लेकर उच्च माध्यमिक तक की शिक्षा सीबीएसई,आईसीएसई बोर्ड से प्रदान करता है जिसके छात्र हर वर्ष शिक्षा में नई कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने कहा कि छात्रों के लिए विशिष्ट शैक्षिक व्यवस्था एवं संस्थान में उच्च कोटि के संसाधन बहुत ही कम मूल्य पर प्रदान किये जा रहे है जो की राष्ट्र सेवा के समतुल्य ही है। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य जी ने कहा की लखनऊ के ग्रामीण अंचल में होकर भी एस आर के प्रबंधको एवं कर्मचारियों के परिश्रम से दिव्य संस्थान बनाया गया है पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि संस्थान के कर्मठ मुखिया के संस्कार हर कर्मचारी में दिखाई पड़ते है।

# दुनियाभर में बच्चों पर घट रहा एंटी–बायोटिक का असर, निमोनिया जैसे रोगों का खतरा

एंटीब योटिक रेजिस्टेंस की बढ़ती समस्या के कारण बच्चों–शिशुओं को दी जाने वाली आम संक्रमण के इलाज दी दवाईयों का असर अब ज्यादा नहीं हो रहा है। दुनियाभर के बच्चों पर यह असर देखा जा रहा है। द अ स्ट्रेलिया में सिडनी की यूनिवर्सिटी के रिसर्चस की टीम ने यह पाया है कि निमोनिया, सेप्सिस(रक्तप्रवाह संक्रमण) और मेनिनजाइटिस जैसे बचपन में होने वाले संक्रमणों के इलाज के लिए डब्ल्यूएचओ द्वारा अनुशंसित कई एंटीब योटिक दवाईयां अब 50 प्रतिशत से भी कम साबित हो रही हैं।



लांसेट जर्नल में प्रकाशित हुए नए अध्ययन में यह बात सामने आई है।

बच्चों में बढ़ सकते हैं गंभीर रोग

ऐसे में शोधकर्ताओं का कहना है कि यह बच्चों में गंभीर रोगों के विकसित होने का जोखिम हो सकता है। शोधकर्ताओं ने बताया दक्षिण पूर्व एशिया और प्रशांत क्षेत्र, एंटीब योटिक दवाईयों के कम होते प्रभावों के सबसे ज्यादा शिकार हो रहे हैं। यहां हर साल एंटीब योटिक प्रतिरोध के कारण लाख बच्चों की अनावश्यक मौतें होती हैं।

क्या होता है एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस?

एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस का अर्थ यह है कि जिन बैक्टीरिया को मारने के लिए दवाईयां बन गया है वही रोगाणुओं के साथ मिल जाए। ऐसा होने पर यदि कोई छोटा संक्रमण हो और इसके लिए किसी को एंटीबायोटिक दवाईयां दी जाएं तो उससे रोगाणु नहीं मरते बल्कि और भी ज्यादा बढ़ने लगते हैं। गंभीर संक्रमण के कारण स्थिति जानलेवा भी हो सकती है। माना जाता है कि एंटीबायोटिक दवाईयों का ज्यादा प्रयोग करने के कारण यह जोखिम काफी तेजी से बढ़ता है। एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस आधुनिक चिकित्सा की प्रमुख चिंताओं से एक हैं।

सालों से किया जा रहा है एंटीबायोटिक का इस्तेमाल

आपको बता दें कि पिछले 80 सालों से एंटीबायोटिक दवाईयों का इस्तेमाल रोगों से लड़ने के लिए किया जा रहा है। इसकी कारण दुनियाभर में बीमार होने का स्तर और बीमारी के कारण मरने वाले लोगों की संख्या में भी कमी आई है। यह एक ऐसी दवाई है जो इंसानों और जानवरों का वायरस, बैक्टीरिया आदि से बचाव करती है।

वैज्ञानिकों ने जताई चिंता

प्रोसिडिंग्स अ फ नेशनल एकेडेमिक्स अ फ साइंस में प्रकाशित शोध के अनुसार, एंटीबायोटिक दवाईयों पर बढ़ती निर्भरता के कारण स्वास्थ्य पर पड़ते असर को लेकर वैज्ञानिक काफी परेशान हैं। इसके कारण आंतों को नुकसान हो रहा है। इतना ही नहीं एंटीबायोटिक के प्रति बैक्टीरिया के प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ रही है।

# घर में रखी है लक्ष्मी पूजा तो न करें ऐसी गलतियां, धन की देवी हो जाएंगी नाराज !



हिंदू धर्म में मां लक्ष्मी को धन की देवी माना जाता है। वैसे तो मां जल्दी किसी पर प्रसन्न नहीं होती लेकिन यदि वह भक्तों से प्रसन्न हो जाएं तो उन्हें मनचाहा आशीर्वाद जरुरी देती हैं। मां लक्ष्मी को प्रसन्न करने के लिए वास्तु शास्त्र में भी कुछ उपाय बताए गए है। कुछ लोग घर में मां लक्ष्मी की पूजा भी करवाते हैं। मां लक्ष्मी की पूजा के भी वास्तु शास्त्र में कुछ नियम बताए गए हैं तो आइए जानते हैं इन नियमों के बारे में...

साफ–सुथरा रखें घर

जब भी आप अपने घर में मां लक्ष्मी की पूजा करवा रहे हैं तो पहले अच्छे से साफ–सफाई कर लें। क्योंकि मां लक्ष्मी साफ–सुथरा वातावरण ही पसंद करती हैं। साफ–सुथरी जगह पर ही मां निवास करती हैं और भक्तों को अपना आशीर्वाद देती हैं।

इस कोने में करें पूजा

पूजा करवाते समय इस बात का ध्यान रखें कि पूजा की वेदी पूर्वोत्तर कोने पर हो। वहीं घर में रखी मूर्तियों का मुख पूर्व की ओर हो।

आरती का थाल करें तैयार

पूजा में इस्तेमाल होने वाला सारा जरुरी सामान जैसे घी से भरे दीए, ताजे फूल, अगरबत्ती, मिठाई, प्रसाद, घंटी और एक आरती की थाली तैयार कर लें।

ऐसी मूर्तियां करें इस्तेमाल

पूजा के लिए मिट्टी का या चांदी की मूर्ति का इस्तेमाल करें। इस तरह की मूर्ति पूजा में इस्तेमाल करनी शुभ मानी जाती है। कांच की मूर्तियां भूलकर भी पूजा में इस्तेमाल न करें।

# लंदन में वर्ल्ड ट्रेबेल मार्केट में पर्यटन विभाग अपना स्टाल लगाकर करेगा पर्यटन की मार्केटिंग एवं ब्राण्डिंग : जयवीर

लखनऊ(संवाददाता)। दुनिया के मंच पर यूपी की ब्राण्डिंग एवं मार्केटिंग करने के लिए पर्यटन विभाग 06 से 08 नवम्बर तक लंदन में आयोजित वर्ड ट्रेबेल मार्केट में पर्यटन विभाग अपना स्ट ल लगायेगा। इस स्टाल के माध्यम से प्रदेश के धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थलों एवं पर्यटकों को दी जानी वाली सहूलियतों के बारे में जानकारी दी जायेगी। इस ट्रेबेल मार्केट में दुनिया के तमाम देश भाग ले रहे हैं। प्रदेश के पर्यटन एवं संस्ंति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि लंदन में आयोजित ट्रेबेल मार्केट में यूपी में आये बदलाव संबंधित विभिन्न पहलुओं को दर्शाते हुए साहित्य, पाठ्यसामग्री आदि का प्रदर्शन किया जायेगा। इससे दुनियाभर के पर्यटकयूपी में पिछले लगभग 07 वर्षों में आये बदलाव से परिचित हो सकेंगे। यह वर्ल्ड ट्रेबेल मार्केट एक बड़े अवसर के रूप में सामने आया है। यूपी का पर्यटन विभाग इस अवसर का अधिक से अधिक लाभ उठाने का प्रयास करेगा।पर्यटन मंत्री ने बताया कि पर्यटन विभाग द्वारा प्रदेश के मुख्य पर्यटन स्थलों आकर्षणों और पर्यटन संभावनाओं के प्रति अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करने, प्रदेश के पर्यटन स्थलों के प्रचार–प्रसार के उद्देश्य से विभिन्न राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय ट्रेवल मार्टों में प्रतिभाग किया जाता है। वर्ल्ड ट्रेवेल मार्केट में हिस्सा लेने का उद्देश्य विश्व के अन्य देशों में उत्तर प्रदेश के मुख्य पर्यटन स्थलों के प्रति ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरूक करना है।



साथ ही प्रदेश में निवेश प्रोत्साहन नीति को बढ़ावा दिए जाने के अवसर को विश्व पटल पर स्थापित करने का प्रयास है। इसके साथ अन्य देशों में प्रचलित पर्यटन नीति एवं निवेश प्रोत्साहन नीति को जानकारी कर प्रदेश में निवेश को सुलभ बनाए जाने की कार्ययोजना बनाई जा सकती है। जयवीर ने बताया कि हमारा प्रदेश पर्यटन की असीम संभावनाओं वाला प्रदेश हैं। धार्मिक पर्यटन का महत्वपूर्ण केंद्र है। साथ ही ऐतिहासिक धरोहर, ईको पर्यटन समेत कई और पर्यटन संबंधित गतिविधिय लोगों को आकर्षित करती हैं।

यही वजह है कि यहां पर्यटन बहुत तेजी से बढ़ रहा है। उत्तर प्रदेश अभी घरेलू पर्यटन के मामले में पहले स्थान पर है। अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों के मामले में पहले स्थान पर आने के लिए प्रयास किया जा रहा है। ज्ञात, अल्पज्ञात पर्यटन स्थलों का विकास किया जा रहा है। इसके अलावा रूरल टूरिज्म, एग्री टूरिज्म, युवा टूरिज्म समेत पर्यटन के अन्य आयामों पर कार्य किया जा रहा है। हमारा प्रयास है कि विश्व पर्यटन के मानचित्र पर उत्तर प्रदेश की दमदार उपस्थिति दर्ज कराई जाए। इसके लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इस वैश्विक मंच से यूपी के बारे में तमाम जानकारिय दी जायेगी।






# प्रियंका गांधी बोलीं, दीपावली से पहले प्याज की कीमत बढ़ी, सरकार जवाब दे

नयी दिल्ली (एजेन्सी)। यूपी प्रभारी एवं कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने दीपावली से कुछ दिनों पहले प्याज की कीमतों में बढ़ोतरी को लेकर शुक्रवार को कहा कि इस पर सरकार को जवाब देना चाहिए। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स पर पोस्ट किया, ''दीपावली सप्ताह–भर दूर है, लेकिन खाने–पीने की चीजों के दाम में पहले से आग लगी हुई है। प्याज की कीमत अचानक बहुत तेजी से बढ़ने लगी है, जबकि भारत दूसरा सबसे बड़ा प्याज–उत्पादक देश है। प्रियंका गांधी ने सवाल किया, ''पिछले साल हमारे किसान भाइयों ने 31 लाख मीट्रिक टन प्याज पैदा किया। वह कहां है? जगत सेठ के गोदाम में? या रखरखाव की लापरवाही के चलते सड़ गया सरकारी गोदाम में? उन्होंने कहा, ''दूसरी ओर, चीनी के अलावा अरहर और उड़द की दालें भी आम नागरिक की पहुंच के बाहर चल रही हैं। आदमी क्या खायेगा और क्या खिलायेगा? त्योहार की खुशी कैसे मनायेगा? सरकार जवाब दे। बता दें कि देश में प्याज की कीमतें लगातार आसमान छू रही हैं। पहले टमाटर अब प्याज की बढ़ती कीमतों से लोगों के किचन का बजट बिगड़ चुका है। प्याज के साथ ही देश में चीनी और दालों की कीमतों में भी भारी बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव से पहले महंगाई को लेकर कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा है।



# शिवराज का कांग्रेस पर तंज, कहा–कांग्रेस में परिवार की चिंता

भोपाल (एजेन्सी)। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कांग्रेस पर बड़ा हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस में परिवार की चिंता है। विपक्षी दलों के गठबंधन आईएनडीआईए में बढ़ती दूरियों को लेकर शिवराज ने कहा कि इंडी गठबंधन बनने से पहले ही बिखर गया है। नीतीश कुमार ने भी कहा है कि कांग्रेस बाकी दलों की चिंता ही नहीं करती। इसके पहले भी अगर आप देखेंगे कांग्रेस ने कांग्रेस की चिंता की है और कांग्रेस में भी परिवारों की चिंता होती है। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि सोनिया गांधी बेटा और बेटी को ही स्थापित करने में जुटी हैं। इसी परंपरा को कमलनाथ निभा रहे हैं, वह अपने बेटे को स्थापित करने में जुटे हैं। उनके बेटे तो टिकट भी अनाउंस करते हैं। पहले छिंदवाड़ा की टिकट बेटा अनाउंस करेगा और बाद में फिर कांग्रेस अनाउंस करेगी। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह को लेकर मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि दिग्विजय अपने बेटे को स्थापित करने में जुटे हैं और पर्दे के पीछे श्इंडीश गठबंधन तो बिखर ही गया है। कांग्रेस भी बिखेर रही है और अब सफाई देनी पड़ रही है, हम साथ–साथ हैं। चौहान ने कहा कि कांग्रेस के नेता तो जय–वीरू की जोड़ी बता रहे हैं। अब यह जोड़ी जय–वीरू की जोड़ी नहीं है। एक फिल्म आई थी 'मेरे अपने', जिसमें श्याम और छेनू की जोड़ी थी। दोनों अपने–अपने मोहल्ले में कब्जे के लिए लड़ते थे। यह बिखरी हुई कांग्रेस कभी प्रदेश का भला नहीं कर सकती।



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक शक्ति शंकर द्वारा फाईन आफसेट प्रिंटर्स मदरसा हुसैनिया बिल्डिंग, बक्शीपुर, जनपद – गोरखपुर से मुद्रित कराकर, मुहल्ला –द्वितीय तल, पुष्पांजलि काम्पलेक्स शाही मार्केट, गोलघर,जनपद–गोरखपुर से प्रकाशित।
सम्पादक
शक्ति शंकर
मो0 :– (.91) 7233999001